# ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY

Mithapur, Patna - 800001

E-mail:- akuniv10@gmail.com


## अधिसूचना

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पत्रांक संख्या– 2948 दिनांक 10.09.2021 एवं विश्वविद्यालय पत्रांक संख्या– 3276 दिनांक 04.10.2021 द्वारा क्रमशः 10.09.2021 एवं 05.10.2021 को आयोजित बैठक की अनुशंसा के आलोक में मिथिला चित्रकला त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स एवं सर्टिफिकेट कोर्स मे नामांकन संबंधी प्रक्रिया को अनुमोदनोपरात अधिसूचित निम्नवत की जाती है:–

1. त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स में नामांकन की प्रवेश प्रक्रिया हेतु पाठ्यक्रम प्रारुप, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी द्वारा विषय–विशेषज्ञों के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।
2. नामांकन हेतु विज्ञापन प्रारुप, विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा के माध्यम से मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी को उपलब्ध कराया जाएगा। विज्ञापन के प्रकाशन की प्रक्रिया संस्थान स्तर से की जानी है।
3. नामांकन प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदकों की संख्या के आधार पर प्रवेश परीक्षा के आयोजन–स्थल का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। संस्थान परिसर में प्रवेश परीक्षा के आयोजन की स्थिति में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।
4. विश्वविद्यालय द्वारा त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स के सत्र 2018 में संस्थान के नामांकन संबधी प्रक्रिया के निरीक्षणोपरान्त प्राप्त निरीक्षण–प्रतिवेदन के आधार पर नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन पर संबंधित अध्यादेश के आलोक में विचार किया जाएगा।
5. विश्वविद्यालय द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स के सत्र 2019 एवं सत्र 2020 के लिए संस्थान के नामांकन एवं पंजीयन संबधी प्रक्रिया के निरीक्षणोपरान्त प्राप्त निरीक्षण–प्रतिवेदन के आधार पर नामांकन एवं पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदन पर संबंधित अध्यादेश के आलोक में विचार किया जाएगा।

कुलपति के आदेशानुसार
ह०/–
**कुलसचिव**
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक : 012/Acad/10-03/AKU/2017-3578 दिनांकः 17.11.2021

प्रतिलिपिः–
1. कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव कार्यालय एवं परीक्षा नियंत्रक, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, मधुबनी चित्रकला संस्थान, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. श्री विशाल रत्न कुमार, वेब प्रोग्रामर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

17.11.21

**कुलसचिव**
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

## कार्यवाही–प्रतिवेदन

दिनांकः **10.09.2021**

विश्वविद्यालय पत्रांक संख्या 005/Exam./320/AKU/2017-2948 दिनांकः 10.09.2021 द्वारा मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में नामांकन एवं सर्टिफिकेट कोर्स से सम्बंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा के लिए दिनांकः 10.09.2021 समयः 03.30 अपराह्न को समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

प्रस्ताव 01:– त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रकिया निर्धारण हेतु प्रभारी उप–निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के माध्यम से जन–सम्पर्क विभाग के तहत विज्ञापन प्रकाशन एवं प्रवेश परीक्षा हेतु सिलेबस प्रारुप विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने की स्वीकृति के संबंध में।

विमर्शः– प्रभारी उप–निदेशक महोदय द्वारा विषय–विशेषज्ञों के माध्यम से प्रवेश प्रकिया हेतु निर्मित सिलेबस प्रारुप विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गयां साथ ही उनके द्वारा विज्ञापन विभाग के स्तर से प्रकाशित करवाये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयीं विज्ञापन प्रारुप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

संकल्पः– **उक्त प्रस्ताव पर विमर्श के आलोक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।**

---

प्रस्ताव 02:– त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के स्थल–निर्धारण, आवेदकों की संख्या के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर में किये जाने के संबंध में।

विमर्शः– आवेदकों की संख्या कम होने पर नामांकन संबधी प्रकिया संस्थान स्तर पर करने एवं इसमें विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को शामिल करने का अनुरोध प्रभारी उप–निदेशक द्वारा किया गया।

संकल्पः– **उक्त प्रस्ताव एवं विमर्श के आलोक में प्रभारी उप–निदेशक से प्राप्त सुझाव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।**

---

प्रस्ताव 03:– प्रभारी उप–निदेशक महोदय द्वारा संस्थान स्तर से वर्ष 2018 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थियों के त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में नामांकन के सबंध में।

विमर्शः– चयनित विद्यार्थियों को नियमित सत्र में नामांकन हेतु आगामी प्रवेश प्रकिया में शामिल होने का सुझाव दिया गया, चूँकि वर्ष 2018 में उक्त पाठ्यक्रम प्रभावी नहीं था।

मिथिला लोक चित्रकला सर्टिफिकेट कोर्स के संबंध में मिथिला चित्रकला संस्थान के सामान्य परिषद् में नामांकन संबधी प्रकिया हेतु लिये गये निर्णय के आलोक में संस्थान स्तर से संपादित करने हेतु संबंधित कोर्स के अनुमोदित अध्यादेश में आवश्यक संशोधन करने का प्रस्ताव दिया गया।

प्रभारी उप–निदेशक महोदय द्वारा मिथिला लोक चित्रकला सर्टिफिकेट कोर्स में जनवरी 2021, में नामांकन प्रकिया किये जाने की सूचना दी गई। इस संबंध में संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि की माँग की गई परन्तु अपरिहार्य कारणवश प्रतिनिधि शामिल नहीं हो सके।

संकल्पः– **उक्त प्रस्ताव पर विमर्श के आलोक में समिति द्वारा (i)सत्र 2018 के विद्यार्थियों को आगामी प्रवेश प्रकिया में शामिल होने हेतु, (ii) मिथिला लोक चित्रकला सर्टिफिकेट कोर्स के अध्यादेश में नामांकन संबंधी प्रावधान में आवश्यक संशोधन पर अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय की आगामी शैक्षणिक परिषद् की बैठक में विचारार्थ उपस्थापन हेतु एवं (iii) मिथिला लोक चित्रकला सर्टिफिकेट कोर्स में जनवरी, 2021 में नामांकन हेतु शामिल छात्र–छात्राओ के चयन हेतु विश्वविद्यालय स्तर से प्रतिनिधि भेजने हेतु समिति द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।**

समिति की आगामी बैठक ऑफलाइन माध्यम से किये जाने हेतु सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

प्रभास कुमार
सहायक परीक्षा नियंत्रक, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

दीपंकर श्री ज्ञान 10.9.2021
सहायक कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

प्रतीक प्रभाकर 5/10/21
मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी

साहेब रसूल 5/10/21
उप–निदेशक (प्रभारी), मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी

1246
33

## कार्यवाही–प्रतिवेदन

दिनांकः 05.10.2021

विश्वविद्यालय पत्रांक संख्या 012/ACAD/10-03/AKU/2017-3276 दिनांकः 04.10.2021 द्वारा मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी के त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में नामांकन एवं सर्टिफिकेट कोर्स से सम्बंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा के लिए दिनांकः 05.10.2021 समयः 11.30 पूर्वाहन को समिति की बैठक कमरा संख्या 306 में आयोजित की गई।

प्रस्ताव 01:– सत्र 2019 एवं 2020 सर्टिफिकेट कोर्स इन मिथिला चित्रकला के छात्र–छात्राओं के Registration एवं Certification के संबंध में।

विमर्शः– प्रभारी उप–निदेशक महोदय द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि सत्र 2019 एवं 2020 के सर्टिफिकेट कोर्स के छात्र-छात्राओं से संबंधित संस्थान के स्तर पर हुई नामांकन, पठन–पाठन एवं सत्रांत परीक्षा संबंधी अद्यतन प्रकिया का निरीक्षण करा लिया जाए ताकि विश्वविद्यालय स्तर से Registration एवं Certification संबंधी निर्णय लिया जा सके।
परीक्षा नियंत्रक महोदय द्वारा उक्त प्रस्ताव के संबंध में सामान्य परिषद् की बैठक दिनांक 17.12.2019 के निर्णय के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई किया जाना उचित बताया गया।

संकल्पः– **उक्त प्रस्ताव पर विमर्श के आलोक में समिति द्वारा सामान्य परिषद् की बैठक दिनांक 17.12.2019 के निर्णय के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई किये जाने हेतु सहमति दी गई साथ ही विश्वविद्यालय को विस्तृत प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई हेतु निर्णय लिया गया।**

---

प्रस्ताव 02:– प्रभारी उप–निदेशक महोदय द्वारा संस्थान स्तर से वर्ष 2018 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थियों के त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में नामांकन एवं Registration के संबंध में।

विमर्शः– प्रभारी उप–निदेशक द्वारा संस्थान स्तर से वर्ष 2018 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित विद्यार्थियों के त्रि–वर्षीय स्नातक मिथिला लोक चित्रकला पाठ्यक्रम में नामांकन के संबंध में अद्यतन हुई प्रकियाओं का विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण कर नामांकन एवं Registration से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई करने का प्रस्ताव दिया गया।

संकल्पः– **उक्त प्रस्ताव पर विमर्श के आलोक में समिति द्वारा सामान्य परिषद् की बैठक दिनांक 17.12..2019 के निर्णय में इससे संबंधित कोई दिशा–निर्देश प्राप्त नहीं है। इस संबंध में विश्वविद्यालय को विस्तृत प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई हेतु निर्णय लिया गया।**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

प्रभास कुमार
सहायक परीक्षा नियंत्रक, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

दीपंकर श्री ज्ञान
सहायक कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

प्रतीक प्रभाकर 05/10/21
मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी

साहेब रसूल 5/10/21
उप–निदेशक (प्रभारी), मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी

राजीव रंजन
परीक्षा नियंत्रक, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना